

WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM
डॉ. सुरेश मेहरोत्रा
नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत
राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक



**● गृह मंत्री अमित शाह के अगले कदम पर सबकी निगाहें**

भारत के सबसे तीक्ष्ण बुद्धि वाले राजनीतिक नेताओं में गिने जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह विपक्ष की टिप्पणियों के बाद मुश्किल में फंस गए हैं। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि वे इस संकट से कैसे बाहर निकलेंगे।

**● दस्तावेज़ लीक विवादः भारत गुट कोई भी रोडमैप पेश करने में विफल रहा**

लोकसभा में कागज लीक विरोधी विधेयक पर बहस के दौरान, विपक्ष, विशेष रूप से इंडिया ब्लॉक, व्यवस्था में सुधार के बारे में कोई रोडमैप प्रस्तुत करने में विफल रहा, इसके बजाय वे सत्ताधारी दल के खिलाफ व्यक्तिगत आरोप लगा रहे थे।

**● क्या भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सीट पाने के लिए अपनी राजनयिक गतिविधियों को सक्रिय कर रहा है?**

2028–29 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक प्रभावशाली अस्थायी सीट हासिल करने के लिए, भारतीय विदेश सेवा ने गहन वैश्विक कूटनीति के साथ–साथ एक समर्पित ऑपरेशनल वॉर रूम को सक्रिय कर दिया है। प्रमुख क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्विता, विशेष रूप से एशिया–प्रशांत क्षेत्र की एकमात्र सीट के लिए ताजिकिस्तान के साथ प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए, नई दिल्ली कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। भारतीय राजनयिक रणनीतिक रूप से प्रमुख क्षेत्रीय मतदान समूहों को लक्षित कर रहे हैं, जिनमें वैश्विक दक्षिण, अफ्रीकी राष्ट्र, छोटे द्वीप विकासशील राज्य और इस्लामिक सहयोग संगठन के सदस्य शामिल हैं। शांति पहल (मानदंडों, विश्वास और अखंडता के माध्यम से समग्र उन्नति सुनिश्चित करना) के तहत चलाया जा रहा यह अभियान, जून 2027 में होने वाले महासभा मतदान से काफी पहले बहुस्तरीय द्विपक्षीय गठबंधन स्थापित करने पर केंद्रित है।

## प्रशासनिक

**● छत्तीसगढ़ः राज्य के सबसे युवा कलेक्टर**

आईएएस प्रतिष्ठा ममगैन, बेमेतरा की जिला मजिस्ट्रेट, छत्तीसगढ़ राज्य की सबसे युवा कलेक्टर हैं। 1995 में जन्मीं ममगैन छत्तीसगढ़ कैडर के 2018 बैच से संबंधित हैं।

**● स्वतंत्रता दिवस के बाद नए कैबिनेट सचिव और गृह सचिव के बारे में निर्णय संभव**

नए कैबिनेट सचिव और गृह सचिव के बारे में निर्णय 15 अगस्त के बाद घोषित किया जाएगा। कैबिनेट सचिव और गृह सचिव दोनों का कार्यकाल अगस्त में समाप्त हो रहा है।

**● सरकार जल्द ही डीआरडीओ अध्यक्षों के बारे में फैसला करेगी**

संसद के मानसून सत्र के तुरंत बाद डीआरडीओ के नए अध्यक्ष पर निर्णय आने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि फाइल एसीसी के पास है। डीआरडीओ का मुख्य ज़ोर स्वदेशी उत्पादन, निर्यात और सुधारों (प्रयोगशालाओं का विलय, उद्योग सहयोग) पर है।

**● चार आईआरएस अधिकारियों को प्रवर्तन निदेशालय में उप निदेशक के रूप में तैनात**

चार आईआरएस अधिकारियों को प्रवर्तन निदेशालय में प्रवर्तन उप निदेशक के रूप में तैनात किया गया है। तैनात किए गए अधिकारी रोहित कुमार (आईटी), डीसीआईटी (2019), चंद्रकांत रेड्डी मल्लु आईटी–डीसीआईटी (2019), अक्षय काबरा (2019) आईआरएस आईटी, डीसीआईटी और सिद्धार्थ गुप्ता (2020), आईआरएस आईटी, डीसीआईटी हैं।

**● सतीश कुमार कोयला नियंत्रक नियुक्त**

सतीश कुमार, जो वर्तमान में विद्युत मंत्रालय में निदेशक के रूप में प्रतिनियुक्ति पर हैं, को कोयला मंत्रालय के अधीन कोयला नियंत्रक कार्यालय में कोयला नियंत्रक (संयुक्त प्रशासनिक स्तर) के पद पर 10 जून, 2029 तक सात वर्षों के संयुक्त कार्यकाल के लिए प्रतिनियुक्ति पर चुना गया है। वे भारतीय रेलवे विद्युत अभियंता सेवा (आईआरएसईई) के अधिकारी हैं।

**● अनिल कुमार गुप्ता, दूरसंचार विभाग के विशेष महानिदेशक**



अनिल कुमार गुप्ता को दिल्ली एलएसए में दूरसंचार विभाग का विशेष महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वे एचएजी+ आईटीएस अधिकारी हैं और इससे पहले कर्नाटक एलएसए में तैनात थे।

**● आईटीएस अधिकारी अरुण गर्ग को उच्च प्रशासनिक ग्रेड**

अरुण कुमार गर्ग को उच्च प्रशासनिक ग्रेड प्लस वेतनमान में सलाहकार के रूप में पदोन्नत किया गया है और उन्हें कर्नाटक एलएसए में विशेष महानिदेशक के रूप में तैनात किया गया है। वह एक आईटीएस अधिकारी हैं।

**● हलशेत केंद्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशालाओं के संयुक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत**

बी. हलशेत, जो पहले केमिकल एग्जामिनर थे, को केंद्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशालाओं (सीआरसीएल) में संयुक्त निदेशक के पद पर स्थायी आधार पर पदोन्नत किया गया है।

**● 4 एसएओ आईडीएएस में पदोन्नत**

रक्षा लेखा महानिदेशक (सीजीडीए) ने चार वरिष्ठ लेखा अधिकारियों को भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) के कनिष्ठ वेतनमान (जेटीएस) में पदोन्नत किया है। पदोन्नत होने वाले अधिकारी हैं– के. कृष्ण मूर्ति, मुकेश चावला, श्रीमती दिव्या श्रीनिवास और राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव।

**● एनजे गैंगटे मेक्सिको के अगले राजदूत होंगे**

विदेश मंत्रालय में वर्तमान में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत न्गुलखाम जथोम गंगटे को मेक्सिको में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। वे 1994 बैच के भारतीय सुरक्षा बल अधिकारी हैं।

**● आईपीएस अधिकारी विक्रम कपाली पोरवाल विदेश मंत्रालय में उप सचिव**

विक्रम कपाली पोरवाल को विदेश मंत्रालय में उप सचिव (बीओएस) के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर प्रारंभिक दो वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। वे एजीएमयूटी कैडर के 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

**● नौकरशाही को सुव्यवस्थित करनाः मोदी सरकार ने 'एक अधिकारी, एक कार' नीति लागू की**

वाहनों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने और सार्वजनिक व्यय में कटौती करने के सीधे प्रयास में, मोदी सरकार ने केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में 'एक अधिकारी, एक सरकारी कार' की सख्त नीति को आधिकारिक तौर पर लागू कर दिया है। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा जारी एक व्यापक कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से, इस नए निर्देश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वर्तमान में सरकारी कार आवंटित किसी भी अधिकारी को दूसरी कार नहीं दी जाएगी, भले ही उसके पास अतिरिक्त प्रभार हों।

इस नीतिगत बदलाव का सीधा लक्ष्य उन प्रशासनिक अक्षमताओं को दूर करना है, जहाँ वरिष्ठ अधिकारी, जो अक्सर कई विभागों या जिम्मेदारियों का प्रबंधन करते हैं, नियमित रूप से कई आधिकारिक वाहन जमा कर लेते थे। अद्यतन नियमों के तहत, अधिकारियों को सभी आधिकारिक कार्यों के लिए केवल एक ही आवंटित वाहन का उपयोग करना होगा, जिससे मूल्यवान वाहन संसाधनों की अनधिकृत या एक साथ दो वाहनों में तैनाती को रोका जा सके।

---

सावन के प्रथम दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री काशी विश्वनाथ का किया जलाभिषेक

# बाबा से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और लोककल्याण की कामना की

## श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए दिया दिशा–निर्देश



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** श्रावण मास के पहले दिन गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधि–विधान से जलाभिषेक एवं पूजन–अर्चन किया। इससे पूर्व उन्होंने काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव मंदिर पहुंचकर दर्शन–पूजन कर प्रदेश और देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि तथा लोककल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दूसरे दिन सर्किट हाउस से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाबा कालभैरव मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा–अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर और आसपास की गलियों में मौजूद श्रद्धालुओं ने उनका 'हर–हर महादेव' के जयघोष के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया और स्थानीय दुकानदारों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने एक दुकान पर बैठे बच्चे को स्नेहपूर्वक चॉकलेट भेंट कर दुलार भी किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे, जहां उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर षोडशोपचार विधि से बाबा विश्वनाथ का पूजन–अर्चन किया तथा पावन ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक किया। उन्होंने प्रदेश एवं देश की सुख–समृद्धि, शांति और जनकल्याण की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री के मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने 'हर–हर महादेव' के उद्घोष से पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। श्रावण मास में बड़ी संख्या में उमड़ने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सावन के दौरान दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन, सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाएं, ताकि सभी भक्तों को व्यवस्थित और सहज दर्शन का लाभ मिल सके। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि श्रावण मास में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धाम में पेयजल, ग्लूकोज, ओआरएस, स्वास्थ्य सहायता केंद्र, हेल्प डेस्क तथा प्रभावी भीड़ प्रबंधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दो दिवसीय वाराणसी प्रवास के पहले दिन बुधवार सायंकाल भी बाबा कालभैरव एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन–पूजन कर जनकल्याण और प्रदेश की समृद्धि की कामना की थी। मंदिर में मुख्यमंत्री के दर्शन पूजन को लेकर सुरक्षा के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए थे।

---

बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी हुई शिवमय,

# चहुँओर बोले-बम की गूंज, पावन ज्योर्तिलिंग के स्पर्श पर रोक

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) सावन माह के पहले दिन गुरूवार से शिवमय हो गई । गंगा तट पर पानी के जलस्तर में बढ़ाव के बावजूद अलसुबह से ही गंगा स्नान के बाद जल लेकर श्रद्धालु और कांवड़िए बाबा विश्वनाथ दरबार की ओर चल पड़े।

गंगा तट से मंदिर परिसर तक बोलबम, हर–हर महादेव का गगनभेदी उद्घोष गुंजायमान है। शिवभक्त बाबा के भव्य धाम को देखने के साथ पावन ज्योर्तिलिंग के दरस परस के लिए व्याकुल दिख रहे है। जैसे–जैसे दिन चढ़ता गया भक्तों का रेला दरबार में बढ़ता गया। सावन माह में दरबार में भी शिवभक्तों के सुविधा का खासा ख्याल रखा गया है। दरबार में सावन माह भर भक्त झांकी दर्शन ही कर पायेंगे। भक्त ज्योर्तिलिंग का स्पर्श दर्शन नही कर पायेंगे। इस पर रोक लगाई गई है। मंदिर प्रशासन का अनुमान है कि सावन माह के सामान्य दिनों में प्रतिदिन लगभग तीन लाख से अधिक भक्त बाबा विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। सावन के सोमवारों पर यह संख्या पांच लाख से अधिक हो सकती है। मंदिर में दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए परिसर में दर्जनभर स्थानों पर एलईडी टीवी लगाए जाएंगे। बाबा दरबार में श्रद्धालु जिस रास्ते से आएंगे वह उसी रास्ते से वापस लौटेंगे। भक्तों को सामान रखने के लिए लॉकर की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही गर्मी से बचाव के लिए कूलर–पंखे, टेंट और मैट की व्यवस्था की गई है। सावन के पहले दिन ही शहर में प्रवेश करने के लिए चारों मार्गों पर और शहर की सड़कों पर कावड़ियों की आवागमन शुरू हो गया है। कांवड़ियों के लिए प्रयागराज से वाराणसी नेशनल हाइवे की बायीं लेन सावन भर रिजर्व रहेगी। रिजर्व लेन पर चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है।

बीएचयू विश्वनाथ मंदिर में भी सावन मास के सोमवार को गर्भगृह में रूद्राभिषेक पर रोकः श्री विश्वनाथ मंदिर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में सावन मास 30 जुलाई से 28 अगस्त तक मनाया जाएगा। मंदिर के मानित व्यवस्थापक के अनुसार,सावन माह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंदिर में दर्शन के लिए महिला एवं पुरुष की अलग–अलग लाइन की व्यवस्था रहेगी।

---

# गंगा नदी में बढ़ते जलस्तर और उठती लहरों को देखते हुए नाव संचालन पर लगी रोक




**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में जिला प्रशासन में गुरुवार को गंगा नदी में चलने वाली सभी नावों पर रोक लगा दी। जल पुलिस द्वारा जिला प्रशासन के आदेश को नाविकों को बताया गया। पुलिस कर्मियों ने कहा कि हवाएं तेज चल रही हैं, गंगा नदी में ऊंची लहरें उठ रही हैं। इस कारण अगले आदेश तक नाव के संचालन पर रोक लग गई है।

जल पुलिस के कर्मचारियों ने विभागीय नाव पर सवार होकर माइक लेकर घाटों के किनारे जोर–जोर से अपील करते हुए उक्त जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि घाटों पर नहा रहे श्रद्धालुओं को विशेष सतर्कता बरतनी है। नदी में उठ रही लहरों के कारण कभी भी दुर्घटना होने की संभावना है। इस कारण स्नान के लिए बने स्थान पर ही स्नान करें। वहीं, गुरुवार को गंगा नदी के जलस्तर पर नजर रखने वाली टीमें भी सक्रिय हो गईं। घाट किनारे संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई हैं। इसके साथ ही जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें अलग–अलग भ्रमण पर निकली और निरीक्षण करती रहीं।

एनडीआरएफ के अधिकारी शुभम मिश्रा ने कहा कि गंगा नदी में उठ रही लहरों के कारण दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। इसको देखते हुए एनडीआरएफ के बचाव दल कर्मियों ने सक्रियता और नदी में निरीक्षण बढ़ा दिया है।

---

# एसआरएन में नए निःशुल्क दवा वितरण केंद्र का शुभारंभ, मरीजों को मिलेगी अधिक सुविधा




**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, प्रयागराज :** संगम नगरी प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन) में मरीजों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकारी निःशुल्क दवा वितरण केंद्र को अधिक बड़े, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया है। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. ए.के. वर्मा, उप प्रधानाचार्य डॉ. मोहित जैन एवं प्रमुख अधीक्षक प्रो. डॉ. नीलम सिंह ने गुरुवार को नए केंद्र का उद्घाटन किया।

अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक प्रो. डॉ. नीलम सिंह ने कहा कि अस्पताल प्रशासन का उद्देश्य केवल बेहतर उपचार देना नहीं, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को हर स्तर पर सुगम, सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। पुराने दवा वितरण केंद्र में सीमित स्थान के कारण मरीजों और तीमारदारों को असुविधा होती थी। बढ़ती मरीज संख्या को देखते हुए नए, बड़े और व्यवस्थित केंद्र की शुरुआत की गई है, जहां बेहतर कतार व्यवस्था, पर्याप्त प्रतीक्षा स्थल और दवा वितरण की सुगम व्यवस्था उपलब्ध होगी।' अस्पताल में चरणबद्ध तरीके से नई सुविधाओं का विस्तार, आधुनिक मशीनों की स्थापना, जांच सेवाओं का आधुनिकीकरण और मरीजों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

---

# मुख्यमंत्री से मिला रविदासिया समाज का प्रतिनिधि मंडल

## जनपद भदोही का नाम संत रविदास नगर किए जाने की घोषणा से गदगद समाज



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी/गाजीपुर :** गुरु पूर्णिमा पर्व पर संत शिरोमणि गुरु रविदास की जन्मस्थली सीरगोवर्धनपुर वाराणसी से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भदोही जिले का नाम फिर से संत रविदास नगर किए जाने की घोषणा की है।

इसको लेकर रविदासिया समाज गदगद है। समाज ने मुख्यमंत्री के इस घोषणा का स्वागत किया है। गुरूवार को जनपद ग़ाज़ीपुर में भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार के नेतृत्व में रविदासिया समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उन्हें इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह फैसला संत शिरोमणि गुरु रविदास के प्रति और रविदासिया समाज की भावनाओं का सम्मान है। समाज मुख्यमंत्री को इस निर्णय के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता है। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और सहयोग से समाज के उत्थान एवं विकास के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार के सकारात्मक निर्णय लिए जाते रहेंगे। इस अवसर पर श्री गुरु रविदास जन्मस्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट, वाराणसी के सचिव धर्मपाल सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास के नाम पर जिले का नाम होना उनके अनुयायियों के लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है। मुख्यमंत्री का यह निर्णय ऐतिहासिक, जन भावनाओं के अनुरूप और अत्यंत सम्मानजनक कदम है। इससे समस्त रविदासिया समाज एवं दलित समाज स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य एवं संत रविदास नगर (पूर्व नाम भदोही) के पूर्व भाजपा जिला प्रभारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने जनपद का नाम बदलकर संत रविदास के सम्मान को ठेस पहुंचाने का कार्य किया था। जनपद का नाम पुनः संत रविदास नगर किए जाने से समाज के लोग बेहद खुश हैं। प्रदेश सरकार के इस निर्णय का पूरे प्रदेश में स्वागत हो रहा है।

---

# योगी सरकार ने पारंपरिक माटी कला को नई पहचान दिलाई : गोपाल अंजान

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मुरादाबाद :** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के स्थापना के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड, मुरादाबाद द्वारा 'माटीकला बोर्ड स्थापना पखवाड़ा' के अंतर्गत गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य रामगोपाल उर्फ गोपाल अंजान ने फीता काटकर शुभारंभ किया। प्रदेश की योगी सरकार पारंपरिक माटीकला को नई पहचान दिलाने के साथ–साथ आधुनिक तकनीक और वित्तीय सहायता के माध्यम से इस क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर गोपाल अंजान ने माटीकला से जुड़े कारीगरों से बोर्ड की योजनाओं का

---


## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम SARTHAK JAMOD था। जो मेरे पासपोर्ट पर अंकित है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर SARTHAK SINGH JAMOD हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी नए नाम SARTHAK SINGH JAMOD S/O BABU SINGH JAMOD के नाम से जाना व पहचाना जाए।

ADDRESS : D 11/7, CHAR IMLI, BHOPAL M.P.

1127

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शादी से पहले मेरा नाम RAJESHWARI HIRASINGH PARDESHI था। जो कि शादी के बाद मेरा नाम परिवर्तित होकर RAJESHWARI SANIDHYA JAMOD हो गया है। अतः अब मुझे RAJESHWARI W/O SANIDHYA JAMOD के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

ADDRESS : D11/7, CHAR IMLI, BHOPAL, MADHYA PRADESH

1126

## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति शाजापुर जिला शाजापुर (म.प्र.)

क्रमांक/मंडी/नि./26–27/513 शाजापुर दिनांक :–28.07.2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारो से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदाएँ क्रमांक 2026_MPSAM_524791_1, 2026_MPSAM_524792_1, 2026_MPSAM_524793_1, 2026_MPSAM_524794_1, 2026_MPSAM_524795_1 के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाएँ दिनांक 31.07.2026 समय 05.30 से दिनांक 22.08.2026 को सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई–निविदा के पोर्टल http//www.mptenders.gov.in/nicgep/app पर प्राप्त होगी, एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल http//www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

**नोट :** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर ही प्रदर्शित किया जावेगा।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति ,शाजापुर जिला शाजापुर

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समितिशाजापुर जिला शाजापुर


---

# आपका राशिफल 31 जुलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन–पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय–व्यय समान्य रहेगा। शुभांक–5–7–9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन–देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। शुभांक–3–5–7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक 2 4 6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): नये नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। यात्रा योग हैं। शुभांक–5–7–9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन–देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर–प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक–2–5–8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। आपसी प्रेम–भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक–3–5–7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार–दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक–2–5–7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। कार्य सफल होंगें। शुभांक 4 5 7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान–सम्मान बढ़ेगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक–3–6–8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सैर–सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह–सबेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ के किये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक–4–6–8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मनोरंजन के साधनों पर धन–व्यय होगा। आय–व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन–देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान–सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। स्त्री का सहयोग मिलेगा। शुभांक 2 5 8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। सुबह–सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन–भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प–परिश्रम से ही लाभ होगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। शुभांक–2–4–6